# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में आज कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सुबह सात बजे से ही उत्साह के बीच लोगों ने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान किया। निर्वाचन आयोग के अनुसार दोपहर तीन बजे तक कुल 41.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुरादाबाद के कुंदरकी विधान सभा क्षेत्र में दोपहर तीन बजे तक सबसे अधिक मतदान हुआ है। वहीं गाजियाबाद में सबसे कम 27.44 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधान सभा सीट पर 49.6 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर 50.3 प्रतिशत, गाजियाबाद सीट पर 27.44, प्रतिशत अलीगढ़ के खैर सीट पर 39.86, मैनपुरी के करहल विधान सभा सीट पर 44.70, कानपुर नगर के सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र में 40.29, प्रयागराज के फूलपुर 36.58, अंबेडकरनगर के कटेहरी सीट पर 49.29 और मीरजापुर के मझवा में 43.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट के ककरौली गांव में आज सुबह कुछ गड़बड़ी की खबरें आई थीं और मामले को सुलझा लिया गया है। पहचान पत्रों की जांच के संबंध में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव के आरोप पर श्री रिणवा ने कहा कि जहां से भी हमें शिकायतें मिल रही हैं, उनका समाधान किया जा रहा है।

उधर, चुनाव आयोग के आदेश के बाद कानपुर शहर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर मतदाताओं की जांच करने और उन्हें वोट डालने से रोकने के लिए चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करने वाले पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अन्य जिलों में भी कार्रवाई की जा रही है, जहां आज उपचुनाव हो रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव अधिकारियों को निष्पक्ष और सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये थे।

**********

ब्राजील में जी 20 समिट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तीन दिवसीय यात्रा पर कैरेबियाई देश गयाना पहुंच गए हैं। इसी बीच गयाना की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश के सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ एक्सिलेंस' देने की घोषणा की है। उधर, बारबाडोस ने भी प्रधानमंत्री मोदी को प्रतिष्ठित 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित करने की घोषणा की है।

कुछ दिनों पहले डोमिनिका ने भी श्री मोदी को अपने सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया था। अब तक प्रधानमंत्री को दुनियाभर के 19 देशों की तरफ से राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या जनपद का दौरा किया। इस दौरान प्रभु श्री राम लला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन के साथ ही सुग्रीव किला में श्री राजगोपुरम के भव्य अनावरण महोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि श्री अयोध्या धाम आज एक भव्य स्वरूप ले रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री जनपद बलरामपुर के दौरे पर रवाना हुए।

**********

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन आज 75 किलो फ्रीस्टाइल बालक वर्ग में महाराष्ट्र के अनिल ने उत्तर प्रदेश के सक्षम को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि सक्षम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

आज के इस भार वर्ग में विद्याभारती, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, राजस्थान, चंडीगढ़, नवोदय विद्यालय, उड़ीसा कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, दिल्ली , तमिलनाडु और पंजाब के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि विधायक बिपिन सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

**********

कुशीनगर जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा के लिए भारत सरकार की तरफ से कामन रिव्यू मिशन–सीआरएम की तीन टीमों ने कुशीनगर पहुंचकर आज से अपनी जाँच शुरू कर दी है। टीम 22 नवम्बर तक जिले में रहकर संयुक्त जिला चिकित्सालय, पुरुष एवं नेत्र चिकित्सालय पडरौना, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उपकेंद्रों के साथ ही जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित प्रदेश तथा केन्द्र सरकार की अन्य कई योजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही स्थलीय निरीक्षण भी करेगा।

**********

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एके वर्मा ने आज वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, इसके पश्चात पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे की तरफ से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ के लिए रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस के साथ–साथ अतिरिक्त रेल गाड़ियों के संचालन को भी गति प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में सभी स्टेशनों पर उत्कृष्ट किस्म की सेवाएं प्रदान की जाएगी।

**********